## खबर संक्षेप

### अराईंपुरा में आज लगेगा नेत्र चिकित्सा शिविर



**करनाल।** नेत्रदान पखवाड़े के अंतर्गत माधव नेत्र बैंक की ओर से शनिवार 30 अगस्त को घरौंडा के गांव अराईंपुरा स्थित गीता निकेतन स्कूल में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा। संयोजक डॉ. बी.के. ठाकुर ने बताया कि शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। इसमें आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीजों की जांच व इलाज मुफ्त किया जाएगा। डॉ. ठाकुर ने कहा कि संस्था पिछले 25 वर्षों से नेत्रदान जागरूकता के लिए कार्य कर रही है और सैकड़ों लोगों को रोशनी दे चुकी है।इस अवसर पर डॉ. नेहा खंडूजा ने बताया कि शिविर में पेंटिंग प्रतियोगिता भी होगी। माधव नेत्र बैंक के सचिव डॉ. आशीष पसरीचा ने कहा कि नेत्रदान के लिए समाज को जागरूक करना आज भी जरूरी है।

### नीलोखेड़ी में स्थापित होगा रेडियो स्टेशन

**करनाल।** हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान, नीलोखेड़ी में जल्द ही सामुदायिक रेडियो स्टेशन स्थापित किया जाएगा। यह निर्णय संस्थान की कार्यकारी समिति की बैठक में लिया गया, जिसकी अध्यक्षता आयुक्त एवं सचिव, विकास एवं पंचायत विभाग डॉ. साकेत कुमार (भा.प्रा.से.) ने की। बैठक में महानिदेशक डी.के. बेहरा, निदेशक डॉ. राहुल नरवाल और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। संस्थान निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि यह नीलोखेड़ी का पहला एफएम सामुदायिक रेडियो स्टेशन होगा। इसके माध्यम से ग्रामीण विकास, पंचायती राज, महिला सशक्तिकरण, कृषि तकनीक और सफलता की कहानियाँ प्रसारित की जाएंगी।

### जिमनास्टिक प्रतियोगिता में नमित रहा प्रथम

**कुरुक्षेत्र।** शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 21 से 28 अगस्त 2025 को जिला खेल प्रतियोगिता में नोमान चौहान ने जिमनास्टिक खेल के अंडर 11 केटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा ये खेल जिला स्तरीय आयोजित किये गए थे। जिसमे जिमनास्टिक खेल के अंडर 11 केटेगरी में बाल भवन का छात्र नोमान विजेता रहा है।

## महिला के खाते में पैसे टांसफर मंत्री का जताया आभार

# मंत्री की सख्ती पर महिला का बीमा क्लेम निपटा, छलके आंसू

### कष्ट निवारण समिति की बैठक में 9 मामलों का मौके पर समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक शुक्रवार को लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय सभागार में हुई। बैठक में जिले भर से आए लोगों की समस्याएँ सुनी गईं। कुल 14 परिवाद रखे गए, जिनमें से 9 मामलों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। बैठक के दौरान गांव मूनक निवासी रेखा पत्नी स्व. सुरेश कुमार का बीमा क्लेम लंबे समय से अटका हुआ था। मंत्री रणबीर गंगवा ने बीमा कंपनी के अधिकारियों से सख्ती से जवाब मांगा और तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके बाद कंपनी ने 2 लाख रुपये की राशि रेखा के खाते में ट्रांसफर कर दी। भावुक होकर रेखा ने मंत्री व प्रशासन का आभार जताया और कहा कि वर्षों से भटकने के बाद आज उसे न्याय मिला है। इसी प्रकार घरौंडा क्षेत्र के किसान सतपाल सिंह की फसल मुआवजे की समस्या, करनाल शहर के वार्ड-9 निवासी सुरेश कुमार का सीवरेज लाइन संबंधी विवाद और असंध निवासी कृष्ण लाल की पेंशन संबंधी शिकायत भी मौके पर हल की गई। मंत्री रणबीर गंगवा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि लोगों को बार-बार दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा, "सरकार का मकसद है कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर और समय पर किया जाए। अधिकारी लापरवाही बरतेंगे तो बख्शे नहीं जाएंगे।



#### बैठक में राज्यसभा सांसद भी रहे उपस्थित

बैठक में राज्यसभा सांसद रामकुमार कश्यप, करनाल विधायक जगमोहन आनंद, मेयर रेनू बाला गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर, उपायुक्त उत्तम सिंह, पुलिस अधीक्षक गंगाराम पूनिया, नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खडगटा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के अंत में मंत्री ने अधिकारियों को लंबित मामलों को शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए और अगली बैठक से पहले सभी शिकायतों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा।

#### खास बातें

- किसान सतपाल सिंह की फसल मुआवजे की समस्या, करनाल शहर के वार्ड-9 निवासी सुरेश कुमार का सीवरेज लाइन संबंधी विवाद और असंध निवासी कृष्ण लाल की पेंशन संबंधी शिकायत भी मौके पर हल की

# अध्यापकों ने मांगों को लेकर बैठक कर किया विरोध प्रकट

- सात सितंबर को शिक्षा मंत्री आवास पर करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज:इंद्री

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ खंड-इंद्री की कार्यकारिणी की बैठक खंड शिक्षा कार्यालय इंद्री में खंड प्रधान देवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई । जिसमें शिक्षा विभाग तालमेल कमेटी हरियाणा के आह्वान पर सात सितंबर को पानीपत में शिक्षा मंत्री आवास पर प्रदर्शन के लिए भारी संख्या में पहुंचने का आह्वान किया गया। मीटिंग में शिक्षकों ने विभिन्न मांगों को लेकर चर्चा की व नारेबाजी कर रोष जताया । खंड सचिव धर्मवीर लठवाल ने बताया कि मुख्य मांगों में कच्चे कर्मचारियों की सेवाएं नियमित करवाने, समान वेतन भत्ते सुविधाएं व सेवा सुरक्षा, दो साल की सेवा के आधार पर सभी प्रकार के कच्चे शिक्षकों व सहायक स्टाफ गेस्ट, अनुबंध, एचकेआरएन, एनएसक्यूएफ, वर्क एजुकेशन इंस्ट्रक्टर, कंप्यूटर टीचर, शिक्षा मित्र,आरोही स्कूल टीचर,लैब सहायक, सिम, एबीआरसी, बीआरपी, स्वीपर, चौकीदार, मिड डे मील वर्कर को नियमित करने की नीति बनवाना शामिल है। उन्होंने कहा कि जब तक कर्मचारी नियमित न हो तब तक सभी को सेवा सुरक्षा, वार्षिक वेतन वृद्धि, एवं सभी तरह के भत्ते व एलटीसी की सुविधा दी जाए आदि मांगे है।



इंद्री। खंड शिक्षा कार्यालय इंद्री में अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते अध्यापक

#### बैठक में प्रमुख रूप येये रहे मौजूद

इस अवसर पर मानसिंह चंदेल, धर्मवीर लठवाल, महिंद्र खेडा, विजय, देवेन्द्र कुमार, नरेश कुमार, रणजीत, जयकुमार शास्त्री, नरेश मीत, अरुण केहरबा व बलराज चहल आदि मौजूद रहे।

### करनाल में लगेगा राज्य स्तरीय रोजगार मेला, मुख्य अतिथि होंगे मनोहर लाल

**करनाल।** हरियाणा सरकार के सहयोग से देश भगत विश्वविद्यालय (पंजाब) द्वारा 30 अगस्त को प्रातः 9 बजे स्थानीय डॉ. मंगलसेन सभागार में 75वें राज्य स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। देश भगत विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को रोजगार के व्यापक अवसर प्रदान करने वाली अग्रणी कंपनियों से जोड़ना है। रोजगार मेले में 35 से अधिक कंपनियां भाग लेंगी और विभिन्न क्षेत्रों में नौकरियां उपलब्ध कराएंगी। अधिकतम प्रस्तावित पैकेज 8 लाख रुपये प्रतिवर्ष तक का होगा। यह अवसर युवाओं के करियर विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



### डीएवी महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल एवं योग प्रतियोगिताएं

**करनाल।** कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस पर शुक्रवार को खेल एवं योग क्लब के संयुक्त तत्वावधान में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने खेलों में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई और विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपने हुनर का प्रदर्शन किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मीनू शर्मा ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि जीवन को अनुशासित बनाने का माध्यम हैं। उन्होंने कहा, "खेल युवाओं में आत्मविश्वास, सहनशीलता और नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं। हमें शिक्षा के साथ खेलों को भी बराबर महत्व देना चाहिए।" कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के बीच कबड्डी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन और योगासन प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। कबड्डी प्रतियोगिता में बी.ए. द्वितीय वर्ष की टीम विजयी रही, जबकि वॉलीबॉल में बी.कॉम. प्रथम वर्ष की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। योगासन प्रतियोगिता में बी.एड. विभाग की छात्राओं ने विशेष प्रदर्शन किया। महाविद्यालय की शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो. अंजू बाला और प्रो. वंदना गुप्ता ने प्रतियोगिताओं का संचालन किया। निर्णायक मंडल में प्रो. सीमा कुमारी, प्रो. शशि वर्मा और प्रो. आरती राठी ने जिम्मेदारी निभाई। विजेता छात्राओं को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कॉलेज की सांस्कृतिक समिति की प्रभारी प्रो. अलका गुप्ता ने कहा कि खेलों से छात्रों का सर्वांगीण विकास संभव है। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय खेल दिवस पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि दी गई और उनके योगदान को याद किया गया।

# युवा खिलाड़ी लें मेजर ध्यानचंद से ले प्रेरणा : हरविन्द्र कल्याण

- खेलों से बढ़ता है आत्मबल और आत्मविश्वास

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा है कि खेल प्रतियोगिताएँ केवल हार-जीत का साधन नहीं, बल्कि अनुशासन और परिश्रम सिखाने का माध्यम भी हैं। खेलों से आत्मविश्वास और आत्मबल बढ़ता है। वे शुक्रवार को गांव कैलाश स्थित हॉकी स्टेडियम में मेजर ध्यानचंद जयंती व राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

उन्होंने वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ियों को सम्मानित किया और युवाओं को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि मेजर ध्यानचंद ने हॉकी में भारत को विश्व पटल पर पहचान दिलाई। हरियाणा के नीरज चोपड़ा, साक्षी मलिक, विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया जैसे खिलाड़ियों ने भी देश का नाम रोशन किया है। सभा के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने कहा, "खिलाड़ी की कोई जाति या धर्म नहीं होता, मायने सिर्फ मैदान में अनुशासन और मेहनत रखते हैं।" उन्होंने युवाओं से अपील की कि रोजाना कम से कम एक घंटा खेल मैदान में अवश्य बिताएं।



करनाल। खिलाड़ियों को प्रोत्सहित करते विधानसभाध्यक्ष हरविंद्र कल्याण।

#### विधानसभाध्य ने इन खिलाड़ियों को किया सम्मानित

इस अवसर पर हॉकी के वरिष्ठ खिलाड़ी इंद्रजीत सिंह, कर्ण सिंह महला, अजय सक्सेना, निशान सिंह, दिनेश कुमार, गौरव कुमार और गुरविंद्र सिंह को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम अनुभव मेहता, खेल विभाग के उप निदेशक राकेश पांडेय, कोच सुरेंद्र चौहान, हॉकी एसोसिएशन करनाल के प्रधान रामपाल लाठर, भाजपा नेता विनय पोसवाल और पार्षद सुदेश रानी सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### प्रजापति समाज ने मंत्री गंगवा का किया सम्मान

**करनाल।** प्रजापति समाज द्वारा सेक्टर-4 स्थित धर्मशाला में भव्य धन्यवाद समारोह आयोजित किया गया। इसमें लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे। समाज के प्रधान रामकुमार प्रजापति और महासचिव बलबीर सिंह ने मंत्री का स्वागत किया। युवा नेता मनीत रोधिया ने कहा कि समाज सरकार की नीतियों में पूरा सहयोग करेगा। मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि समाज की एकजुटता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है और सरकार समाज की भलाई के लिए हरसंभव कदम उठाएगी।



### खेल केवल व्यायाम नहीं, विकास का माध्यम

**करनाल।** डीएवी पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया। मुख्य वक्ता चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के कुलपति प्रो. डॉ. रामपाल सैनी ने कहा कि खेल केवल व्यायाम का साधन नहीं बल्कि राष्ट्रीय विकास और युवा शक्ति के निर्माण का अहम माध्यम हैं। कुलपति डॉ. सैनी ने विद्यार्थियों से कहा कि वे शिक्षा के साथ खेलों में भी समान रूप से ध्यान दें। कॉलेज प्राचार्य डॉ. बृजेश शर्मा ने कहा कि इस कॉलेज की परंपरा रही है कि खेल और शिक्षा दोनों में विद्यार्थी आगे रहते हैं।इस अवसर पर डॉ. जितेंद्र चौहान ने रस्साकस्सी प्रतियोगिता का संचालन किया, जबकि डॉ. एस.के. गर्ग, डॉ. कविता अग्रवाल और प्रो. राकेश शर्मा ने निर्णायक की भूमिका निभाई।



### डीएवी महिला कालेज में खेल दिवस का आयोजन

**करनाल।** कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस पर शुक्रवार को खेल एवं योग क्लब के संयुक्त तत्वावधान में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने खेलों में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई और विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपने हुनर का प्रदर्शन किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मीनू शर्मा ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि जीवन को अनुशासित बनाने का माध्यम हैं। उन्होंने कहा, "खेल युवाओं में आत्मविश्वास, सहनशीलता और नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं। हमें शिक्षा के साथ खेलों को भी बराबर महत्व देना चाहिए।" कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के बीच कबड्डी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन और योगासन प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। कबड्डी प्रतियोगिता में बी.ए. द्वितीय वर्ष की टीम विजयी रही, जबकि वॉलीबॉल में बी.कॉम. प्रथम वर्ष की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। योगासन प्रतियोगिता में बी.एड. विभाग की छात्राओं ने विशेष प्रदर्शन किया। महाविद्यालय की शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो. अंजू बाला और प्रो. वंदना गुप्ता ने प्रतियोगिताओं का संचालन किया। निर्णायक मंडल में प्रो. सीमा कुमारी, प्रो. शशि वर्मा और प्रो. आरती राठी ने जिम्मेदारी निभाई। विजेता छात्राओं को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कॉलेज की सांस्कृतिक समिति की प्रभारी प्रो. अलका गुप्ता ने कहा कि खेलों से छात्रों का सर्वांगीण विकास संभव है।

# मामूली कहासुनी में युवक की हत्या, तीन आरोपी गिरफ्तार

- तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी

थाना तरावड़ी पुलिस ने मामूली कहासुनी के चलते हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रबंधक निरीक्षक राजपाल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में इमरान पुत्र अमरजीत, शुभम पुत्र कर्ण सिंह और प्रिंस पुत्र टारी, तीनों निवासी गांव सौकड़ा, करनाल शामिल हैं। इनके खिलाफ थाना तरावड़ी में मुकदमा नंबर 313 दर्ज किया गया है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि 28 अगस्त की शाम गांव सौकड़ा निवासी रोहित पुत्र कृष्ण अपने रिश्तेदारों के साथ सड़क किनारे घूमने गया था। इसी दौरान आरोपी इमरान से कहासुनी हो गई। इसके बाद इमरान ने अपने साथियों को बुलाकर रोहित पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा।



तरावड़ी। पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपित। फोटो: हरिभूमि

### पालिका ने चलाया स्वच्छता अभियान

**तरावड़ी।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार और नगर पालिका तरावड़ी सचिव अजीत कुमार के आदेश अनुसार शहर तरावड़ी में स्वच्छ हरियाणा अभियान 2025 के तहत हरियाणा शहर स्वच्छता कैंपेन 2025 की शुरुआत 24 अगस्त से शुरू हो चुकी है । यह अभियान 33 सप्ताह यानि 24 अगस्त से लेकर 7 नवंबर 2025 तक चलाया जाएगा ।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर में विभिन्न प्रकार की स्वच्छता से संबंधित गतिविधियां चलकर शहर के लोगों का ध्यान स्वच्छता के प्रति आकर्षित करना और शहर का हर मकान,हर गली, हर मौहल्ला, और हर सार्वजनिक स्थल को स्वच्छ और साफ सुथरा बनाना है ।



### एसपी ने 5 पुलिस अधिकारियों को दी विदाई

करनाल। पुलिस अधीक्षक गंगाराम पूनिया (IPS) की अध्यक्षता में पुलिस लाइन करनाल में भावुक विदाई समारोह हुआ। इसमें उपनिरीक्षक राजेश चंद्र, सहायक उपनिरीक्षक रामफल, धर्मपाल, सुरेश सिंह और हेड कांस्टेबल भगवत सिंह को सेवानिवृत्ति पर सम्मानित किया गया। एसपी पूनिया ने कहा, "इन अधिकारियों ने 35 से 40 वर्षों तक पूरी निष्ठा और ईमानदारी से सेवा करके विभाग का गौरव बढ़ाया है। पुलिस परिवार इनके योगदान को कभी नहीं भूलेगा।" समारोह में पुलिसकर्मियों और उनके परिवारजनों ने भी शिरकत की और सेवानिवृत्त अधिकारियों को शुभकामनाएँ दीं।

# आम जनता के लिए बनाए गए शौचालयों पर दिनभर लगटके रहते हैं ताले, परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंद्री

इंद्री शहर में नगर पालिका की अनदेखी के कारण सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है । हालात ऐसे हैं कि कस्बे में लोगों की सुविधाओं के लिए बनाए गए ज्यादातर शौचालय को दिन के समय मे भी ताले लगे रहते हैं । जिस कारण कस्बा वासियों व इंद्री शहर में रोजमर्रा का सामान लेने आए लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ता है । यही नहीं शहर मे सफाई भी पूरी तरह से नही हो रही है । जिससे लोगों मे रोष पनपता जा रहा है । रोषजदा राजेंद्र, हेमराज, अमित कुमार, सुखविंदर, राजेश, सुनील व देवेंद्र आदि का कहना है कि इंद्री शहर में ज्यादातर शौचालयों को दिन में भी ताले लगे रहते हैं और शहर में सुचारू रूप से सफाई भी नहीं हो रही है । जिसके चलते दुकानों के सामने व सडक़ पर गंदगी के ढेर लगे रहते हैं । बार-बार मांग करने के बाद भी सफाई व्यवस्था सही नहीं हो रही।



इंद्री 2 इंद्री मे गोल मार्किट के पास बने शौचालय पर दिन के समय लगा ताला ।

#### सफाई कर्मियों की कमी के चलते आ रही परेशानी

इस मामले में सफाई दरोगा लितेश ने बताया कि इंद्री नगर पालिका में 45 सफाई कर्मियों की जरूरत है लेकिन मात्र 24 सफाई कर्मचारी ही काम कर रहे हैं । उन्होंने बताया कि सफाई कर्मचारियों की नई भर्ती की मांग की हुई है शीघ्र ही सफाई व्यवस्था ठीक करवा दी जाएगी ।

### धार्मिक कार्यक्रम लोगों को लाते हैं एक-दूसरे के करीबः हरविन्द्र कल्याण

**घरौंडा।** राधा-कृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में, सनातन धर्म युवा सभा घरौंडा द्वारा 15 से 31 अगस्त तक प्रभात फेरी का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को सैंकड़ों श्रद्धालु पालकी लेकर विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण के निवास कल्याण फार्म पहुंचे। जहां पहुंचने पर विधानसभा अध्यक्ष ने अपने परिवार के साथ पालकी और सभी श्रद्धालुओं का गर्मजोशी से स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन लोगों को हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत से जोड़ते हैं। इस तरह के आयोजन हमारे अंदर ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने पूजा-अर्चना कर भगवान से सभी की खुशहाली, सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।

# कांग्रेस का मजबूत संगठन बनाना मेरा पहला लक्ष्य

- कांग्रेस कार्यालय का नीलोखेड़ी मे हुआ भव्य उद्घाटन
- वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने किया उत्साहपूर्वक स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी

करनाल कांग्रेस का संगठन जल्द ही प्रदेश मे सबसे मजबूत बन कर उभरेगा और हम सब कांग्रेस कार्यकर्ता संगठन को बूथ लेवल पर मिल कर मजबूत करेंगे उक्त विचार जिला करनाल कांग्रेस के ग्रामीण प्रधान डॉ. राजेश वैध वाल्मीकि ने कांग्रेस कार्यालय के उद्घाटन समारोह मे पूरे जिला से पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए व्यक्त किए l वैध ने कहा की वह अपने सभी वरिष्ठ नेताओ के साथ मिलकर जनता की आवाज़ को मजबूती से उठायेंगे। इस से पूर्व जिला करनाल कांग्रेस ग्रामीण कार्यालय का विधिवत पूजा-अर्चना के साथ शुभारंभ किया गया एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, पूर्व विधायक शमशेर सिंह गोगी व पूर्व मंत्री भीम सेन मेहता ने रिबन काट कर संयुक्त रूप से उद्घाटन किया।कार्यक्रम में शहरी प्रधान पराग गाबा,डॉ. सुनील पंवार,पूर्व विधायक सुमिता सिंह,वीरेंद्र राठौर,ललित बूटाना,चाणक्य पंडित,राजेश चौधरी, अमरजीत धीमान, इंद्रजीत गौराया, नाहर संधू, पप्पू लाठर, भूपेंद्र लाठर,राजेंद्र बल्ला,ओमप्रकाश सलूजा, बसंत राणा, संजय मेहला आदि रहे।



### आईसीएआई करनाल ब्रांच ने किया सेमिनार

करनाल। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) की करनाल ब्रांच ऑफ एनआईसीएएसआई ने करनाल क्लब में टैक्स ऑडिट विषय पर विशेष सेमिनार आयोजित किया। इस अवसर पर आयकर विभाग के संयुक्त आयुक्त हर्षित बंसल (IRS) मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि टैक्स ऑडिट के नियम और क्लॉजेज़ लगातार बदल रहे हैं, इसलिए सीए को नए प्रावधानों की जानकारी समय पर होना बेहद आवश्यक है। सेमिनार में सीए डॉ. राज चावला और सीए सचिन जैन ने विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने प्रैक्टिकल उदाहरणों के माध्यम से टैक्स ऑडिट रिपोर्टिंग क्लॉजेज़ समझाए। कार्यक्रम में ब्रांच चेयरमैन सीए अनुज बंसल, सचिव सीए मंजु लता, कोषाध्यक्ष सीए अमित गुप्ता तथा सदस्य सीए संदीप गर्ग सहित शहर के अनेक चार्टर्ड अकाउंटेंट्स मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### स्विफ्ट कार व थ्री व्हीलर की टक्कर में चार लोग घायल

**पानीपत।** रोहतक हाईवे पर कारद मोड पर स्विफ्ट कार और थ्री व्हीलर की टक्कर में चार लोग घायल हो गए। हादसे में थ्री व्हीलर में सवार चालक जगदीश, अमित, इसकी पत्नी सुमित्रा व पुत्र वीर निवासी गांव परढाना जिला पानीपत गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दो लड़कियों समेत चार लापता

**पानीपत।** पानीपत के थाना इसराना व मतलौडा क्षेत्र से चार महिलाएं लापता हो गई। वहीं गांव थिराना से महिला अपनी बेटी के साथ लापता हो गई, जबकि गांव परढ़ाना से एक किशोरी, गांव उरलाना खुर्द से एक युवती और गांव कारद से विवाहित महिला संदिग्ध हालात में अपने घरों से लापता हो गई। परिजनों की शिकायतों पर थाना इसराना व थाना मतलौडा पुलिस ने महिलाओं के लापता होने के केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### मारपीट करने वाले दो पकड़े, केस दर्ज

**पानीपत।** थाना किला पुलिस ने डाबर कॉलोनी निवासी संदीप का रास्ता रोककर चाकू व बेल्ट से हमला कर चोट मारने मामले में नामजद दोनों आरोपियों नितिन व निकुंज को गिरफ्तार किया है। थाना किला प्रभारी श्रीनिवास ने बताया कि इस मामले में थाना किला में डाबर कॉलोनी निवासी प्रवीन पुत्र धर्मपाल की शिकायत पर केस दर्ज है।

### मेजर ध्यानचंद को नमन किया

**पानीपत।** आर्य गर्ल्स पब्लिक स्कूल के प्रांगण में मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस पर खेल दिवस धूमधाम से मनाया गया। वहीं कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया, एसडीएम मंजीत सिंह, डीईओ राकेश भूरा, डीएसओ धुरेन्दर सिंह हुड्डा, विद्यालय की प्रबंधक समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंगला, वीरेंद्र सिंगला, कमल किशोर, अरुण आर्य, नरेश गर्ग ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

### सुखी जीवन का आधार है वास्तु शास्त्र

**पानीपत।** शिव नगर स्थित अनाथ आश्रम के सामने निःशुल्क वास्तु दरबार में गोबरी धाम प्रताप गढ़ से पधारे दैविक गुरू जितेन्द्र महाराज के शिष्य तेरसनाथ ने कहा कि शिव भगवान के पसीने से वास्तु शास्त्र उत्पन्न हुआ। वास्तु दोष के कारण हर व्यक्ति को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ता है। सुखी जीवन के लिए सभी को अपने भवनों का निर्माण वास्तु शास्त्र के अनुसार करवाना चाहिए।

### सूर्य घर योजना लाभ लें जनता

**पानीपत।** जिला सचिवालय में बैठक में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बिजली विभाग के अधिकारियों को प्रधानमंत्री सूर्य घर (मुक्त बिजली योजना) का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि यह योजना न केवल लोगों के बिजली बिलों का बोझ कम करेगी, बल्कि ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम साबित होगी। उपायुक्त ने बताया कि भारत सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत अधिकतम 78 हजार रुपये तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है।

### जन सुनवाई की समीक्षा की

**पानीपत।** राज्य सरकार द्वारा जिला और उपमंडल स्तर पर सोमवार और गुरुवार को सप्ताह में दो दिन आयोजित किए जा रहे जनता समाधान शिविर में दर्ज हुई शिकायतों के निदान को लेकर हरियाणा सरकार सचिव एवं आयुक्त शेखर विद्यार्थी ने आज समाधान शिविर में पहुंच रही आम जन की शिकायतों के संदर्भ में पानीपत के अतिरिक्त उपायुक्त डॉक्टर पंकज के साथ वीसी पर बैठक की।

### जिमनास्टिक प्रतियोगिता में नमित रहा प्रथम

**कुरुक्षेत्र।** शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 21 से 28 अगस्त 2025 को जिला खेल प्रतियोगिता में नोमान चौहान ने जिमनास्टिक खेल के अंडर 11 केटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## शिक्षा मंत्री ने जनसुनवाई की, संबंधी विभागों के अधिकारियों को समस्या निराकरण के आदेश

# राजकीय स्कूलों में शिक्षा के स्तर में तेजी से हो रहा है सुधार: ढांडा

*विद्यार्थी प्राइवेट स्कूल छोड़कर सरकारी स्कूलों में दाखिला ले*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने आज पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में आयोजित जन सुनवाई में आम जनता की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों के सहयोग से कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान कराया। उन्होंने कहा कि हर वर्ग की समस्याओं का त्वरित समाधान करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसी के लिए सप्ताह दर सप्ताह विभागीय व जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठके की जा रही हैं। मंत्री ढांडा ने कहा कि सरकार का मकसद जनता को राहत देना और शासन-प्रशासन को जनता की पहुंच तक लाना है। लोगों की समस्याएं हमारी जिम्मेदारी हैं और जनता को यह भरोसा होना चाहिए कि उनका मुद्दा अनसुना नहीं जाएगा। पत्रकारों से बातचीत के दौरान शिक्षा मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक बदलाव किए हैं। सरकारी स्कूलों में अब आधारभूत ढांचे, अध्यापकों की उपलब्धता और स्मार्ट क्लासेज जैसी सुविधाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके चलते विद्यार्थियों के परिणामों में भी उल्लेखनीय सुधार आया है।



पानीपत। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, जन सुनवाई करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूलों में कराएं : मंत्री

उन्होंने बताया कि पहले सरकारी स्कूलों में नतीजे कमजोर होने की वजह से लोग अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों की ओर भेजने को मजबूर होते थे। लेकिन अब सरकारी स्कूलों का स्तर इतना बेहतर हुआ है कि कई स्थानों पर विद्यार्थी प्राइवेट स्कूल छोड़कर सरकारी स्कूलों में दाखिला ले रहे हैं। मंत्री ढांडा ने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूलों में कराएं ताकि बच्चों को बेहतर और किफायती शिक्षा मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकारी शिक्षा व्यवस्था मजबूत होने से समाज का हर वर्ग लाभान्वित होगा और बच्चों का भविष्य भी सुरक्षित रहेगा। जन सुनवाई के दौरान शिक्षा मंत्री ने बिजली, पानी, पुलिस और अन्य विभागों से जुड़ी समस्याओं को सुना। अधिकारियों को तुरंत निर्देश दिए गए कि शिकायतों का निवारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। इसी कड़ी में कुछ मामलों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। इस अवसर पर डीएसपी ट्रैफिक सुरेश सैनी, बिजली विभाग के एसडीओ नरेंद्र जागलान, प्रदीप गुलिया समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और शिकायत दर्ज कराने वाले लोग मौजूद रहे।

## जैन किड्स में नन्हें मुन्नों का सामूहिक जन्मदिन मनाया



पानीपत। जैन किड्स स्कूल में बच्चों का सामूहिक जन्मदिन मनाते टीचर्स आदि।

**पानीपत।** जैन किड्स विद्यालय में हर माह के अंतिम दिनों में उस माह में जन्मे बच्चों का जन्मदिन मनाते हैं। इस माह भी हर माह की तरह अगस्त माह में भी शुक्रवार को विद्यालय में बच्चों का जन्मदिन उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय को गुब्बारों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। जिसे देखकर बच्चों ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। प्रिंसिपल मोनिका सहगल ने बच्चों को सजावटी टोपी पहनाकर उनके हाथों से केक कटवा कर उनका मुंह मीठा कराया और सभी सहपाठियों को केक खिलाया। स्कूल मैनेजर संजीव जैन ने बच्चों की दीर्घायु की कामना की।

## आर्य समाज हुड्डा में यज्ञ व वेदकथा का शुभारम्भ



**पानीपत।** आर्य समाज मंदिर हुडा सेक्टर 12 में चल रहे तीन दिवसीय यज्ञ एवं वेदकथा का शुभारंभ आर्य समाज के प्रधान आर्य सुरेश मलिक ने किया। वहीं शुक्रवार की सुबह की सुमधुर वेला में वेद मंत्रों का उच्चारण करते हुए डॉ. मनुदेव आर्य ने यज्ञ को विधिवत पूर्ण करते हुए सभी से ईश्वर के बताए मार्ग का अनुगामी बनने का आह्वान किया। यज्ञ के पश्चात भजन सम्राट विवेक ने मधुर कंठ से ईश्वर भक्ति के अनेकों भजनों के द्वारा श्रद्धालुओं को भक्ति रस से ओतप्रोत किया। गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय से पहुंचे प्रोफेसर दीन दयाल ने श्रद्धालुओं को धर्म की सही परिभाषा स्पष्ट करते हुए ज्ञान कराया की वास्तविक धर्म क्या है। इस अवसर पर आर्य समाज के प्रधान आर्य सुरेश मलिक, मंत्री केआर छोक्कर, कोषाध्यक्ष राजकुमार त्यागी, सारदा, बेला भाटिया, शकुन्तला, राजरानी व अधिकारी, सदस्य उपस्थित रहे।

## फोटोग्राफी में कैमरे से भी ज्यादा जरूरी है हमारा विजन: कामत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्य कॉलेज के जनसंचार विभाग द्वारा कैनन इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में फोटोग्राफी विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला हुई। जिसमें कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक के तौर पर कैनन इंडिया से कैमरा विशेषज्ञ राजेश कामत व सहायक प्रशिक्षक हसन ने शिरकत की। कैमरा विशेषज्ञ राजेश कामत ने विद्यार्थियों को कैमरे की जानकारी देते हुए बताया कि फोटोग्राफी में, कैमरे से भी ज्यादा जरूरी है हमारा विजन। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि कैमरा उन्ही क्षणों को कैद करेगा जैसा हम सोचेंगे और जैसा हमारा देखने का नजरिया होगा।



पानीपत। आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ जगदीश गुप्ता अतिथियों को स्मृति चिंह भेंट करते हुए।

### खुद को जानने के लिए मुश्किलों का सामना करना बेहद जरूरी

हम आसान और जल्दी समझ आने वाली तकनीकियों को जल्दी समझ लेते हैं, लेकिन फोटोग्राफी में हम जितनी गहनता से कैमरे की बारीकियों को मैन्अल मोड पर सीखते हैं, तो हम अपनी सोच में उतनी ही रचनात्मकता ला सकते हैं। वहीं, प्राचार्य प्रो.डॉ. जगदीश गुप्ता ने कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं कलात्मक क्षमता और रचनात्मक सोच को प्रदर्शित करने का बेहतरीन अवसर प्रदान करती है। दूसरी ओर, प्रशिक्षक राजेश कामत व सह प्रशिक्षक हसन का प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता व जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश गाहल्याण ने स्मृति चिन्ह दे कर स्वागत किया। वहीं, जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश गाहल्याण ने कहा कि, खुद को जानने के लिए मुश्किलों का सामना करना बेहद जरूरी है। इस अवसर पर प्राध्यापक शिवांक रावल, केशव कौशिक, गजल पांचाल व सोनू अठावले आदि उपस्थित रहे।

# आर्य कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस की रही धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्य महाविद्यालय में मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस पर राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। आयोजन में कॉलेज प्रबंधक समिति के उपप्रधान वीरेंद्र शिंगला, प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता, विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने मेजर ध्यानचंद को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वहीं, आर्य कॉलेज प्रबंधक समिति के उपप्रधान वीरेंद्र शिंगला ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में जरूर भाग लेना चाहिए। जबकि प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने कहा कि युवाओं को खेल की भावना के साथ प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए। वहीं, आर्य कॉलेज के खेल परिसर में युवा अपने खेलों का प्रदर्शन कर दिन प्रतिदिन नए आयाम स्थापित कर रहे है। इस अवसर पर सभी उपस्थित प्राध्यापकों व विद्यार्थियों को शपथ दिला पारंपरिक खेलों का शुभारंभ किया गया।



पानीपत। आर्य कॉलेज में खेल दिवस मनाते हुए टीचर्स व स्टूडेंट्स।

### मेजर ध्यानचंद की उपलब्धियो से अवगत कराया

साथ ही महाविद्यालय के इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विजय सिंह ने मेजर ध्यानचंद की उपलब्धियो से विद्यार्थियों को अवगत कराया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि हमें अपने मानसिक स्वास्थ्य के साथ साथ शारीरिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना चाहिए। वहीं, कॉलेज के खेल परिसर में शतरंज, क्रिकेट, कबड्डी व दौड़ का आयोजन हुआ। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश टूर्ण, प्राध्यापक राजा तोमर, राजेन्द्र सिंह, सुनील पहल, अनूप गुलिया, रजनी देवी, खुशबू वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## विजेताओं को पुरस्कृत किया

**पानीपत।** आईबी पीजी कालेज के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा सरकार द्वारा संचालित विश्व उद्यमिता दिवस पर उद्यमिता पखवाड़े के तहत स्लोगन लेखन प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, सामाजिक जागरूकता और अभिव्यक्ति की क्षमता को बढ़ावा देना था। शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, राष्ट्रीय एकता, स्वच्छ भारत और नशा मुक्ति जैसे सामयिक विषयों पर प्रभावशाली स्लोगन प्रस्तुत किए।

कॉलेज की प्राचार्या डा.शशि प्रभा मलिक ने विजेताओं को विभाग की ओर से प्रमाण-पत्र व पुरस्कार दिए।

## चौसठ रिद्धि विधान का शुभारंभ हुआ

# धन, बल, पद, जाति का घमंड त्याग विनम्र बनें नागरिक: जैन

**जैन मंदिरों में पवित्र दसलक्षण पर्व के द्वितीय दिवस को उत्तम मार्धव धर्म के रूप में मनाया गया**



पानीपत। श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर, जैन मोहल्ला में दसलक्षण पर्व मनाते हुए श्रद्धालुगण। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर, जैन मोहल्ला के साथ-साथ सभी सातों दिगंबर जैन मंदिरों में जैन धर्म के सबसे पवित्र दसलक्षण पर्व के द्वितीय दिवस को उत्तम मार्धव धर्म के रूप में मनाया गया। वहीं, श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर जैन मोहल्ला में श्री चौसठ रिद्धि विधान का आयोजन बड़े ही धूमधाम के साथ आयोजित हुआ। सर्वप्रथम श्री जी का अभिषेक एवं शांतिधारा संपन्न हुई उसके पश्चात नित्य नियम पूजन के साथ चौसठ रिद्धि विधान का शुभारंभ हुआ।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

श्री दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष सुनील जैन ने बताया कि भाद्र माह शुक्ल षष्ठी को द्वितीय दिवस को उत्तम मार्दव धर्म के रूप में मनाया जाता है। उत्तम मार्दव धर्म जैन धर्म के दस क्षमाशील धर्मों में से दूसरा गुण है, जो अहंकार और घमंड को त्याग कर विनम्रता और कोमलता को अपनाने पर जोर देता है, इसका अर्थ है सभी भौतिक ऐश्वर्यों, धन, बल, वंश और जाति के घमंड से मुक्त होना, क्योंकि यह सब नश्वर है और सच्चा सुख तथा शांति केवल विनम्रता से ही प्राप्त होती है। यह आत्मिक ज्ञान और श्रद्धा के साथ अहंकार का नाश करके आंतरिक शांति और सभी जीवों के प्रति कल्याण की भावना को जगाता है। यह धर्म हमें सिखाता है कि धन, बल, पद, कुल, जाति आदि का घमंड करना व्यर्थ है, क्योंकि ये सब क्षणभंगुर हैं। दूसरी ओर, संध्या के समय जैन मोहल्ला में स्थित जैन किड्स स्कूल के प्रांगण में पारस ज्ञान संघ सदस्यों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के द्वारा जैन धर्म पर आधारित नृत्य नाटिका और प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

## मेजर ध्यान चंद महान खिलाड़ी है

# शारीरिक स्वास्थ्य के साथ एकजुटता का संदेश देता है खेल: डॉ. सुशीला

**एसडी कॉलेज पानीपत में तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल दिवस का प्रतियागिताओं के साथ शुभारंभ**




पानीपत। एसडी कॉलेज में खेल दिवस मनाते हुए टीचर्स व स्टूडेंट्स।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज में तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल दिवस का शुभारंभ हुआ। वहीं कार्यक्रम का उद्घाटन उप प्राचार्य प्रो. प्रवीण खेरडे और डॉ. सुशीला बेनीवाल ने किया। वहीं, प्रो. प्रवीण खेरडे ने कहा कि आधुनिक समय में मोबाइल ने इंसान का बेड़ा गर्क भी किया है। बच्चों को भी हृदय, कैंसर एवं अवसाद जैसी बीमारियां घेरने लगी है जो बड़ी चिंता का कारण है। इसके पीछे फ़ास्ट फूट की आदत और शारीरिक क्रियाओं को न करना जैसे कारण है। घर में खाली बैठे रहना, व्यायाम न करना, किसी खेल-कूद में भाग न लेना जैसे कारणों से इंसान का शरीर खराब होने लगा है। सिर्फ हमारे व्यक्तिगत जीवन में ही नहीं बल्कि खेलों का समाज में एकता, समावेश और शांति को बढ़ावा देने में कितना महत्वपूर्ण योगदान है इसकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते। खेल विभिन्न पृष्ठभूमि के लोगों को एक साथ लाकर, आपसी सम्मान, समझ और सहयोग को प्रोत्साहित करते हैं।

### जानकारी दी

डॉ. सुशीला बेनीवाल ने कहा कि हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यान चंद महान खिलाड़ी है। उन्होंने मेजर ध्यान चंद के प्रेरणादायक जीवन की विस्तार से जानकारी दी। दूसरी ओर, प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में प्रथम मधु, अपेक्षा, ऋतिका, नीलाक्ष, द्वितीय स्थान पर स्वीटी, पायल, तन्नु, स्नेह व शुभम, पवन, मोहित, मोनू, तृतीय स्थान पर ख़ुशी, सोनिया, सलोनी, नीतू रहे। वहीं, भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर नीलाक्षी, द्वितीय मुस्कान, तृतीय स्थान पर कशिश व अंजलि रही।

# सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

- सरकार की इस झूठे वादों को लेकर कर्मचारी वर्ग में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

ऑल हरियाणा पावर वर्कर्स यूनियन ने स्टेट कमेटी के आदेशानुसार मतलौडा सब यूनिट पर गेट मीटिंग करके केंद्र की सरकार के वादा खिलाफी के विरोध में प्रदर्शन किया। गेट मीटिंग की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान सुरेंद्र शर्मा ने किया। मंच संचालन सब यूनिट सचिव अमित कुमार ने किया। गेट को संबोधित करते हुए राज्य मेंबर और युनिट प्रधान ने कहा कि केंद्र की सरकार ने दिल्ली चुनाव से पहले वादा किया था कि हम जल्द ही आठवें वेतन आयोग का गठन कर रहे हैं और कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने का काम करेंगे ,जब तक पक्का नहीं किया जाता, समान काम समान वेतन देंगे। प्रदर्शन में यूनिट सचिव शिवकुमार ने कहा कि केंद्र सरकार की इस झूठे वादों को लेकर कर्मचारी वर्ग में रोष है और सरकार को वेतन आयोग का जल्द ही गठन करके मंहगाई के दौर में राहत देने चाहिए। जब विधायकों की वेतन वृद्धि की बात होती है तो एक मत से बिल पास हो जाता है। गेट मीटिंग में सब यूनिट से विकास, कमल, आशीष, प्रवीण आदि नेताओं ने भाग लिया।




पानीपत। ऑल हरियाणा पावर वर्कर्स यूनियन के सदस्य प्रदर्शन करते हुए।

**महोत्सव** अतिथि देवोभव: की कल्पना केवल भारत में संभव : राधे-राधे

# भगवान गणेश की तरह करें अपने माता-पिता का सम्मान: दाऊजी

*मां व पिता के द्वारा दिखाए गए सिद्धांतों पर चलना चाहिए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के प्रसिद्ध मंदिर श्री अवध धाम मंदिर में आयोजित अवध धाम के गणपति नमक महोत्सव के तृतीय दिवस पर मंदिर के परमाध्यक्ष दाऊजी महाराज ने कहा के माता-पिता का सम्मान का अनुसरण करना है तो हमें सब को गणपति जी महाराज से करना चाहिए। वहीं मां व पिता के द्वारा दिखाए गए सिद्धांतों पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें भगवान गणपति के आदर्शों पर चलना चाहिए ताकि जिस प्रकार से भगवान गणपति ने अपने पिता शिव एवं माता पार्वती की परिक्रमा करके यह ब्रह्मांड को दिखा दिया था कि माता-पिता से बड़ा इस धरातल पर कोई नहीं हो सकता।



पानीपत। श्री अवध धाम मंदिर में श्री गणेश उत्सव में सत्संग का श्रवण करते हुए श्रद्धालुगण।

### बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूलों में कराएं

उन्होंने बताया कि पहले सरकारी स्कूलों में नतीजे कमजोर होने की वजह से लोग अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों की ओर भेजने को मजबूर होते थे। लेकिन अब सरकारी स्कूलों का स्तर इतना बेहतर हुआ है कि कई स्थानों पर विद्यार्थी प्राइवेट स्कूल छोड़कर सरकारी स्कूलों में दाखिला ले रहे हैं। मंत्री ढांडा ने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूलों में कराएं ताकि बच्चों को बेहतर और किफायती शिक्षा मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकारी शिक्षा व्यवस्था मजबूत होने से समाज का हर वर्ग लाभान्वित होगा और बच्चों का भविष्य भी सुरक्षित रहेगा। जन सुनवाई के दौरान शिक्षा मंत्री ने बिजली, पानी, पुलिस और अन्य विभागों से जुड़ी समस्याओं को सुना। अधिकारियों को तुरंत निर्देश दिए गए कि शिकायतों का निवारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। इसी कड़ी में कुछ मामलों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। इस अवसर पर डीएसपी ट्रैफिक सुरेश सैनी, बिजली विभाग के एसडीओ नरेंद्र जागलान, प्रदीप गुलिया समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और शिकायत दर्ज कराने वाले लोग मौजूद रहे।

